## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर ने स्वीकृत की कोविड प्रकरण की सहायता राशि

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने कोविड-19 के एक प्रकरण के लिए आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की है। मृतक लच्छराम बघेल पिता प्रेमलाल निवासी ग्राम बगलोटा तहसील बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ की मृत्यु कोरोना से हुई थी। उनके आश्रित मदन बाई पति लच्छराम को 50 हजार की आर्थिक अनुदान सहायता राशि का भुगतान कार्यालय तहसीलदार बिलाईगढ़ द्वारा आश्रित के बैंक खाता में ऑनलाइन डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा।

### शा.उचित मूल्य दुकान महाराजपुर के संचालन के लिए 5 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के बरमकेला विकासखंड के ग्राम पंचायत महाराजपुर में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन हेतु शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन किया जाना है। इच्छुक संस्था जैसे-ग्राम पंचायत, महिला स्वसहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सरकारी संस्थाएं, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियों से छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 की कंडिका 9 (12) में विनिर्दिष्ट परिशिष्ट एक अनुसार निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक समूह या संस्था अपने पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अन्य सुसंगत दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगढ़ में 05 जुलाई 2023 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### सीटीएस अंतर्गत आईटीआई की प्रायोगिक परीक्षाएं 7 जुलाई तक

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) अंतर्गत अखिल भारतीय व्यवसायिक परीक्षा माह जुलाई 2023 के विषय प्रायोगिक (वार्षिक पद्धति व डीएसटी) की परीक्षाएं 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 7 जुलाई 2023 तक आयोजित होगी। कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय महानिदेशालय प्रशिक्षण नई दिल्ली के निर्देशअनुसार प्रत्येक शासकीय एवं निजी आईटीआई (एनसीव्हीटी संचालित व्यवसाय) को विषय प्रायोगिक परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है।

### तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, चालक फरार

**कोरबा (आरएनएस)।** हरदी बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत धतूरा के पास तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई. मृतक की पहचान राम शंकर पटेल के रूप में हुई है. जो कि बलौदा का रहने वाला है. बताया जा रहा है कि ट्रेलर दीपका से बालौदा की तरफ जा रहा था. इस दौरान राम शंकर चौकाबूढ़ा से काम कर अपने घर लौट रहा था. राम शंकर राजमिस्त्री का काम करता था. घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया है. फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

### तहसील कार्यालय के सामने गिरा विशाल आम का पेड़

**गरियाबंद (आरएनएस)।** नगर के तहसील कार्यालय के सामने एक बड़ा आम का पेड़ जड़ से उखडक़र नजदीक के मकान में गिर गया,इस घटना में गनीमत यह रही कि कोई जनहानी नही हुई।ज्ञात हो कि तीन दिन पूर्व क्षेत्र में हुए तेज बारिश हुई है जिससे जमीन गीले हो गए है इसके चलते तहसील कार्यालय के सामने एक वर्षो पुराने विशाल आम का पेड़ जड़ से उखकर नजदीक के मकान में गिर गया लेकिन गनीमत यह रही कि इस घटना के कोई जनहानी नही हुई।गौरतलब की ये विशाल आम का पेड़ काफी पुराना हो गया था जिसका जड़ जमीन से ऊपर आ गया था।

# रायपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म सात हुआ शुरू

## यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर रेलवे स्टेशन में फुट ओवरब्रिज चालू होने में अभी समय है लेकिन सात नंबर प्लेटफार्म को बिना उद्घाटन के शुरू कर दिया गया है।इस पर ट्रेनों की आवाजाही भी शुरू हो गई है। अब तक यात्रियों को प्लेटफार्म नंबर दो और तीन से होकर जाना पड़ रहा था लेकिन अब वे सीधे सात नंबर पर आवाजाही कर रहे है। वर्तमान में दुर्ग और बिलासपुर छोर पर फुट ओवरब्रिज है, इसलिए ट्रेन पकडऩे के लिए यात्रियों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी, इसे ध्यान में रखकर फूट ओवरब्रिज बनाया गया है।

रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि नए प्लेटफार्म नंबर सात शुरू होने से यात्रियों को आने-जाने में सहूलियत मिल रही है। इसके साथ ही यहां पर प्लेटफार्म नंबर एक की तरह ही यात्री सुविधा बढ़ाने का काम तेज गति से चल रहा है। दरअसल, रायपुर स्टेशन को खूबसूरत बनाने के लिए रेलवे प्रशासन लगातार विकास कार्य करा रहा है। स्टेशन का रि-डिवलपमेंट होना अभी बाकी है। स्टेशन के पुराने स्ट्रक्चर को तोडक़र नए माडल के रूप में इसे भव्य और आकर्षक बनाने की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक वीआईपी गेट के पास विकास का नया माडल रखा जायेगा। 400 करोड़ की लागत से रायपुर स्टेशन की सूरत बदलेगी। इसका माडल बनकर तैयार है। जल्द ही विकास के कार्य चरणबद्ध तरीके से शुरू किए जायेगे। इससे पहले गुढिय़ारी की ओर नया प्लेटफार्म नंबर सात के साथ ही फुट ओवरब्रिज का निर्माण पूरा किया जा चुका है। प्लेटफार्म-सात के प्रवेश द्वार को बेहद खूबसूरत बनाया गया है ताकि गुढिय़ारी की तरफ से आने-जाने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म एक की तरह सात पर भी सारी सुविधाएं दी जा सके।



रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक के प्रवेश द्वार से लेकर सारी सुविधाएं यात्रियों को गुढिय़ारी की तरफ भी दी गई है। बड़ी संख्यां में यात्री ट्रेन पकडऩे के लिए एक्सप्रेस वे से सीधे स्टेशन पहुंच रहे है। वहीं गुढिय़ारी की तरफ से आने वाले यात्रियों को प्लेटफार्म-एक की तरफ आने की आवश्यकता नहीं पड़ रही है।

रायपुर रेल मंडल वरिष्ठ प्रचार निरीक्षक शिवप्रसाद का कहना है कि प्लेटफार्म नंबर सात पर ट्रेनों की आवाजाही शुरू होने से यात्रियों को काफी सुविधा हो रही है।फुट ओवरब्रिज भी बनकर तैयार है,जल्द ही इसे भी शुरू कर दिया जायेगा।

### नवा रायपुर तक जल्द दौड़ेगी मेमू ट्रेन

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से नवा रायपुर तक जल्द ही मेमू ट्रेन की आवाजाही शुरू हो जाएगी। रेलवे की ओर से यहां का सर्वे का काम पूरा हो चुका है। फिलहाल ट्रेन का संचालन मंदिर हसौद और केन्द्री तक होगा। रेलवे सूत्रों ने बताया कि नवा रायपुर अटल नगर में अभी अटल नगर, उद्योग नगर, सीबीडी और मुक्तांगन स्टेशन में प्लेटफार्म का काम पूरा नहीं हो पाया है। इसके चलते फिलहाल मेमू का परीक्षण केवल दो स्टेशनों तक होगा। प्लेटफार्म का काम पूर्ण होने तथा परीक्षण में क्लीयरेंस मिलने के बाद यहां भी लोकल ट्रेनों का संचालन शुरू किया जाएगा। फिलहाल केन्द्री तक मेमू ट्रेन चलाने पर विचार हो रहा है। यहां से यात्री नवा रायपुर, मंत्रालय, पीएचक्यू आसानी से पहुंच सकते हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार बाकी चारों रेलवे स्टेशन का निर्माण एनआरडीए को करना है। एनआरडीए ने चारों स्टेशनों के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर एजेंसी नियुक्त कर दी है। इसमें सीबीडी रेलवे स्टेशन का काम तेजी से चल रहा है। सीबीडी स्टेशन का काम 06 माह के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। वहीं बचे हुए तीनों स्टेशनों के निर्माण में करीब एक से डेढ़ साल का समय लगेगा।



# मंगलूडीपा बिरयानी सेंटर के पास भारी मात्रा में देशी, अंग्रेजी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

- **आरोपी से 65 पाव देशी/ अंग्रेजी शराब और 5 बियर बोतल जब्त, कोतरारोड़ पुलिस की कार्रवाई**



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन तथा प्रशिक्षु आईपीएस उदित पुष्कर, थाना प्रभारी कोतरारोड़ के नेतृत्व में कल शाम कोतरारोड़ पुलिस द्वारा मंगलूडीपा रोड किनारे बिरयानी सेंटर के पास एक व्यक्ति के अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने की मुखबिर सूचना पर शराब रेड कार्रवाई किया गया। कोतरारोड़ पुलिस ने मौके पर रेड कर आरोपी - रहमान खान पिता स्व0 सुलेमान खान उम्र 48 वर्ष सा0 इंदिरानगर, गंगाराम तालाब के पास थाना सिटी कोतवाली को हिरासत में लिया गया जिसके कब्जे से करीब 9 हजार रूपये की शराब- 32 पाव देशी प्लेन शराब, 33 पाव अंग्रेजी शराब (गोवा, रायल चैलेंज, मैकडॉवल्स नंबर 1) और 5 हायवर्ड बियर बोतल एवं शराब बिक्री रकम 1,260/- रूपये जप्त किया गया है। आरोपी रहमान खान के कृत्य पर थाना कोतरारोड़ में धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर आरोपी को आज रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है। शराब रेड कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक कुसुम कैवर्त, प्रधान आरक्षक करूणेश कुमार राय, अनंत तिवारी और आरक्षक अमृत एक्का थाना कोतरारोड़ शामिल थे।

# रायगढ़ में रोजगार मेला आज : 400 पदों पर होगी भर्ती

- **ग्रेजुयट ट्रेनी ऑफिसर, कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर, सेल्स एक्जेक्टिव, मैकेनिक व सिक्यूरिटी गार्ड के पद पर ली जाएगी भर्ती**
- **कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर रोजगार विभाग लगा रहा रोजगार मेला**

**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे है। युवाओं में कौशल विकास तथा रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए इस दिशा में जिला प्रशासन लगातार कार्य कर रही है। ताकि प्लेसमेंट एवं रोजगार मेला के माध्यम से स्थानीय युवाओं को यहां के उद्योगों में अधिक से अधिक रोजगार मिले। बीते अप्रैल से अभी तक 1100 युवाओं को ऑफर मिल चुके है। इसी कड़ी में आगामी 3 जुलाई को रोजगार मेले का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें विभिन्न कंपनियों द्वारा 400 पदों पर भर्ती की जायेगी।




इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी रामजीत राम ने बताया कि निजी क्षेत्र की रिक्तियों में 3 जुलाई 2023 को प्रात: 10 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला के माध्यम से मेसर्स चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा. लि.रायगढ़ में कस्टमर रिलेशनशिप ऑफिसर के लिए 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम 12 वीं पास होना अनिवार्य है। इसी तरह मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.रायगढ़ में सिक्यूरिटी गार्ड के 50 पद एवं मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.जशपुर में सिक्यूरिटी गार्ड के 200 पदों में भर्ती की जाएगी।

इसके लिए न्यूनतम 10 वीं पास होना अनिवार्य है। इसी प्रकार मे.एसआईएस सिक्यूरिटी कंपनी लि.जशपुर में ही ग्रेजुएड ट्रेनी ऑफिसर के 100 पदों पर भर्ती ली जाएगी। जिसके लिए शैक्षणिक योग्यता स्नातक मांगी गयी है। इसके साथ ही रायगढ़ ऑटोमोबाइल प्रा. लिमिटेड, जगतपुर रायगढ़ में 10 सेल्स एक्जेक्टिव एवं 2 मैकेनिक के पद पर भर्ती की जाएगी। जिसके लिए योग्यता 10 वीं एवं 12 वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है।

# जिला प्रशासन की फ्री कोचिंग सारबिला अकादमी अब भटगांव और बरमकेला में भी होगा संचालित

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में संचालित फ्री कोचिंग 'सारबिला कैरियर अकादमी' का संचालन का विस्तार जिले में बढ़ रहा है। अब बरमकेला के शासकीय कन्या शाला परिसर और भटगांव के सांस्कृतिक भवन पुराना बस स्टैंड मे 3 जुलाई 2023 सोमवार से कोचिंग प्रारंभ किया जा रहा है। सारंगढ़ के कोचिंग में बहुत से छात्र-छात्राएं जिले के दूसरे विकासखण्डों से भी आते हैं जिन्हें आवास एवं खानपान से संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए व संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय, विधायक सारंगढ़ उत्तरी गनपत जांगड़े एवं कलेक्टर डॉ सिद्दीकी की पहल पर युवा बेरोजगारों के मांग पर सारबिला अकादमी सारंगढ़ का ही ब्रांच खोला गया है। इसका लाभ कोई भी युवक-युवतियां ले सकती हैं। इसमें 10वी से लेकर कॉलेज आदि उत्तीर्ण के सभी आयु के युवा जो सरकारी भर्तियो के लिए होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओ जैसे पीएससी व्यापाम, एसएससी, रेलवे आदि परीक्षाओ की तैयारी कर रहे हो वो इन कक्षाओं का लाभ निःशुल्क ले सकते हैं। कोचिंग के संबंध में भटगांव में मुख्य नगरपालिका अधिकारी (सीएमओ) नगर पंचायत भटगांव से और बीईओ बरमकेला के साथ-साथ प्राचार्य शासकीय कन्या शाला बरमकेला से भी सम्पर्क किया जा सकता है। इन ब्रांच में इच्छुक युवा अपना आधार कार्ड और 10-12वीं उत्तीर्ण अंकसूची की छायाप्रति से नामांकन करवा कर इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस हेतु कोचिंग के नोडल फैकल्टी बरमकेला-9399914669, भटगांव-8085453736 में सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। इसमें एडमिशन पहले आओ पहले पाओ पद्धति से तथा टेस्ट मे आने वाले रैंक के आधार पर होगा। इसके साथ ही रोज सुबह 7 बजे सीधे कक्षाओं मे उपस्थित हो कक्षाओं का लाभ ले सकते है।




उल्लेखनीय है कि सारबिला कैरियर अकादमी जिला प्रशासन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग संस्थान है। यह योजना युवा बेरोजगारों के भविष्य को उज्जवल बनाने की एक अच्छी कोशिश है। मात्र एक माह के अंदर ही इस संस्थान में जिले के अब तक इसमें 650 युवाओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा लिया है और नियमित रूप से 225 युवा इन कक्षाओं के साथ-साथ साप्ताहिक और मासिक टेस्ट का भी लाभ ले रहे हैं।

# 6 को सभी तहसील कार्यालय में लगेंगे राजस्व शिविर

- **पूरा राजस्व अमला रहेगा मौजूद, कलेक्टर सिन्हा ने दिए निर्देश**
- **फौती नामांतरण, नक्शा बटांकन, बंटवारा, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य मामलों का होगा निराकरण**

**रायगढ़।** राजस्व मामलों के निराकरण के लिए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर आगामी 6 जुलाई दिन गुरुवार को सभी तहसील कार्यालयों में प्रात: 10.30 बजे से राजस्व शिविर लगाए जाएंगे। जहां एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, आरआई व पटवारी सहित पूरा राजस्व अमला मौजूद होगा। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने शिविर की तैयारी के निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र के सभी गांवों में शिविर आयोजन के संबंध में सूचना दी जाए।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि राजस्व मामलों का त्वरित निराकरण किया जाए। शिविर के माध्यम से आमजनों को एक ही स्थान में राजस्व से जुड़ी सभी प्रकार की सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।कलेक्टर सिन्हा के मार्गदर्शन में बीते महीनों में भी सभी तहसीलों में राजस्व शिविर लगाए गए थे। जहां एक ही दिन में हजारों की संख्या में राजस्व मामलों का मौके पर निराकरण किया गया था। ऐसा ही शिविर अब फिर से 6 जुलाई दिन गुरुवार को प्रात: 10.30 बजे से सभी तहसील कार्यालयों में लगेगा। जहां पूरे राजस्व अमले की मौजूदगी से राजस्व के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो सकेगा।




राजस्व शिविर में नक्शा बटांकन, फौती नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख सुधार, किसान किताब, सीमांकन, आय, निवास, जाति प्रमाण-पत्र, जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र, नक्शा-खसरा, बी-1, डिजिटल सिग्नेचर व अन्य राजस्व मामलों का मौके पर निराकरण किया जाएगा।

# बारिश पर लगा ब्रेक, उमस के साथ गर्मी बढ़ने की संभावना, कई क्षेत्रों में हो सकती है बरसात

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में बीते दिनों हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी. अब फिर से बारिश में ब्रेक लग गया है. मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश में अगले 3 दिनों तक उमस के साथ गर्मी बढऩे की संभावना है. जिससे अधिकतम तापमान में भी वृद्धि देखी जा सकती है. वहीं आज सरगुजा और बस्तर संभाग समेत इससे लगे जिलों में बारिश होने के आसार हैं. मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक ये चक्रीय चक्रवाती और द्रोणिका का असर है।

बता दें कि राजधानी में आज सुबह से ही तेज धूप निकली हुई है. तापमान में वृद्धि देखी जा रही है. बीते दिनों हुई बारिश से मौसम अच्छा हो गया था, लेकिन अब फिर से तेज धूप का सामना करना पड़ सकता है.



### सब्जियों के दाम बढ़े

बारिश की वजह से सब्जियों के दाम भी बढ़ गए हैं. बारिश के कारण टमाटर के दाम में जोरदार उछाल आया है. राजधानी में टमाटर का रेट 80 से 100 रुपये किलो तक हो गया है. साथ ही हरी मिर्च, शिमला मिर्च, करेला, अदरक, धनिया, के दाम भी बढ़े. लहसुन, फूलगोभी के भी रेट बढ़ गए हैं।

**सब्जियों की कीमतें**

टमाटर – 80 से 100 रुपए किलो
अदरक – 60 रुपये पाव 240 रुपए किलो
धनिया – 50 रुपये पाव 200 रुपये किलो
गोभी – 100 रुपये किलो
परवल – 80 रुपये किलो
मूंगा – 80 रुपये किलो
भिंडी – 90 रुपये किलो।

# एमपी नगर में हुई लूट के मामले में खुलासा : लूट के दो आरोपितों को किया गया गिरफ्तार

- **घटना मे प्रयुक्त कार व दो बाइक समेत लूटे गए 20 लाख रुपये जेवर व 1.60 लाख नगद राशि बरामद**

**कोरबा (आरएनएस)।** महाराणा प्रताप नगर के एक मकान में घुस कर दादी व पोती के हाथ पैर बांध कर सोने-चांदी के जेवरात समेत नगद लूट लेने के मामले में पुलिस ने जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम अमोरा से दो आरोपित को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपित पीड़ित पक्ष का रिश्तेदार ही निकला है, उसने आइपीएल क्रिकेट में पांच लाख रुपये कर्जा लेकर सट्टा लगाया था, पर हार गया। कर्जा छूटने के लिए अपने मामा के घर को ही साथियों के साथ मिल कर निशाना बनाया। शेष चार आरोपित फरार हैं। घटना सिविल लाइन रामपुर थाना अंतर्गत महाराणा प्रताप नगर एलआइसी आठ, निवासी राजकुमार निर्मलकर के घर रात आठ बजे हुई थी। घर रितु निर्मलकर व उसकी दादी रंभा बाई निर्मलकर थी। जबकि रितु की माता सुमन निर्मलकर, पिता राज कुमार निर्मलकर एवं बड़ा भाई ऋषभ निर्मलकर 22 जून नानी के निधन पर ग्राम नरियरा गए थे। 24 जून की आठ बजे चार नकाबपोश प्रार्थिया के घर में जबरन घुसकर दादी व रितु का हाथ पैर बांध कर मुंह में सेलो टेप चिपका दिया और सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम लूट की घटना घटित कर भाग गए थे। रितु की रिपोर्ट पर धारा 458, 395, 392, 120 बी कायम कर पुलिस जांच कर रही थी। मामले की जांच पड़ताल करने के बाद आखिरकार पुलिस ने दो आरोपित को पकडऩे में सफलता हासिल कर ली। पकड़े गए आरोपित प्रकाश निर्मलकर उर्फ भोला 27 वर्ष तथा अनिल शर्मा उर्फ महाराज 36 वर्ष दोनों निवासी ग्राम अमोरा थाना मुलमुला अकलतरा शामिल है। इसमें भोला भांजा है। घटना में शामिल चार अन्य आरोपित फरार है, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने चार लोगों द्वारा लूटपाट करने की जानकारी सामने आई थी, किंतु आरोपितों के पकडाने पर संख्या अधिक निकली, इसलिए लूट की धारा को डकैती में बदल दिया। पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि आइपीएल में सट्टा लगाने पर पांच लाख रूपये कर्जा हो गया था। इस रकम को अदा करने के लिए उन्होंने लूट की घटना को अंजाम दिया। आरोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त कार व दो बाइक समेत लूटे गए 20 लाख रुपये जेवर व 1.60 लाख नगद राशि बरामद की। मामले में जांच करने पुलिस की चार टीम बनाई गई थी। इसमें साइबर सेल व थाना रामुपर के स्टाफ माल मशरुका आरोपितों को पकडऩे में लगी हुई थी। दो टीमें तकनीकी रूप से सीसीटीवी कैमरे को चेक करने तथा एक टीम मोबाइल तकनीकी विष्लेशण के आधार पर जांच कर रही थी। पूछताछ के दौरान सुमन निर्मलकर ने बताया कि घर में दो दिन पहले भोला उर्फ प्रकाश निर्मलकर तथा अनिल महाराज घर आए थे। वे लोग बदमाश प्रवृति के हैं, आशंका है कि ये लोग ही लूटपाट कराए होंगे। हालांकि घटना के वक्त दोनों शामिल नहीं थे। बावजूद पुलिस ने दोनों को संदेह के दायरे में लिया और जांच की। इसी बीच मुखबीर से सूचना मिली कि प्रार्थिया के भाजा भोला एवं अनिल महाराज लूट की घटना को अंजाम दिए हैं। सूचना के आधार पर पुलिस की दो टीम बनाकर ग्राम अमोरा अकलतरा जाकर दोनों को पकड़ा और कोरबा लाकर पूछताछ की, तब उन्होंने अपराध करना स्वीकारा। आरोपितों ने बताया कि उसके साथ आरोपित अनिल शर्मा, सेन्टी उर्फ निखिल, कैलास कुर्रे, सुरज धृतलहरे एवं अश्वनी उर्फ पिल्लू सभी निवासी अमोरा एवं अन्य साथी के उपर भी कर्जा का दबाव था। चूंकि कोरबा में रहने वाले मामा राजकुमार निर्मलकर के पास काफी पैसा और सोना चांदी है, इसलिए लूट की योजना तैयार की। 22 जून को कार क्रमांक सीजी 11 एवी 8487 में अमोरा से कोरबा राजकुमार निर्मलकर के घर नानी और बहन को नरियरा से छोडऩे आए थे। इस दौरान घर व आसपास के इलाके को घूमकर निरीक्षण किया। 23 जून को सभी आरोपित पुन: कार से आकर रेकी कर योजना बनाए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480